श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 133, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 19 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## लखनऊ में 5.5 डिग्री पर पहुंचा पारा, पहाड़ों से आ रही सर्द हवा से ठिठुरा प्रदेश

**लखनऊ में शुक्रवार को दिन में धूप निकली। मगर सर्द हवा ने परेशान कर दिया। यहां अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 4.7 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा।**

**लखनऊ, जेएनएन।** पहाड़ों से आ रही हवा ने मैदानी इलाकों को ठिठुरा दिया है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर ने दस्तक दे दी है। लखनऊ में भी अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। उधर, मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार लखनऊ में शनिवार को शीतलहर की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि राज्य में उत्तरी-पश्चिमी हवा चल रही है। पहाड़ों से आने वाली ये हवा कंपकंपी बढ़ाएगी। शुक्रवार को पूर्वी और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में शीतलहर शुरू हो गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। आठ बजे के करीब धूप निकली। मगर, ठंडी हवाओं के बीच यह बेअसर रही।



वहींशुक्रवार को दिन में धूप निकली। मगर, सर्द हवा ने परेशान कर दिया। शुक्ररवार को अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 4.7 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 3.2 डिग्री कम रहा। ऐसे में सुबह ही नहीं, शाम को भी गलन बरकरार रही। देर रात निकले लोग ठिठुरते नजर आए। इससे पहले गुरुवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 20.6 और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में सर्दी और बढने की संभावना है। हरदोई में शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 4.5, कानपुर में 5.4, गोरखपुर में 11.2, बरेली में 11.1, वाराणसी में 6.5, बहराइच में 10, खीरी में चार तथा नजीबाबाद में अधिकतम तापमान सामान्य से 8.8 डिग्री नीचे रहा। ऐसे ही कई जनपदों के न्यूनतम तापमान में भी कमी दर्ज की गई। इस दौरान लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) 272 रहा। इससे पहले गुरुवार को लखनऊ का एक्यूआइ 198 दर्ज किया गया था।

## दोषी ठहराए जाने से पहले विधायक का डाला वोट अवैध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि एक ही दिन में आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने से पूर्व विधायक द्वारा डाले गए वोट को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि दोषी ठहराए जाने से पूर्व अयोग्य ठहराना उसके दोषी साबित होने तक निर्दोष की तरह माने जाने के अधिकार का उल्लंघन होगा। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस वी. रामासुब्रमणियन की पीठ ने इसे दिलचस्प, लेकिन दूरगामी असर वाला सवाल बताते हुए 23 मार्च, 2018 को राज्यसभा चुनावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक अमित कुमार महतो द्वारा दोपहर 2.30 बजे दोषी ठहराए जाने से पूर्व सुबह 9.15 पर डाले गए वोट को वैध ठहराया। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी धीरज प्रसाद साहू विजयी और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार पराजित हुए थे। पीठ ने कहा कि अगर वह इसके इतर फैसला सुनाती तो इसका मतलब होता कि रिटर्निंग आफिसर के पास 9.15 बजे इस बात की दूरदृष्टि होनी चाहिए थी कि दोपहर में आपराधिक मामले का फैसला क्या होगा या फिर चुनाव आयोग को इसका फैसला करने का अधिकार देते जिससे अंतहीन भ्रम और गैरजरूरी अराजकता फैल जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अयोग्यता दोषी ठहराए जाने के बाद एक परिणाम है और परिणाम कभी भी कारण से पहले नहीं हो सकता।

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा बांबे हाई कोर्ट का फैसला, कहा- गोवारी और गोंड गोवारी भिन्न व अलग जातियां

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बांबे हाई कोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें महाराष्ट्र के विशेष पिछड़े वर्ग में शामिल गोवारी समुदाय को गोंड गोवारी की तरह अनुसूचित जनजाति (एसटी) घोषित कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वे दो भिन्न और अलग जातियां हैं। बांबे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने 14 अगस्त, 2018 को कहा था कि संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में एसटी के रूप में शामिल गोंड गोवारी समुदाय वर्ष 1911 से पहले विलुप्त हो गया था और एसटी के रूप में शामिल करते समय 29 अक्टूबर, 1956 से पहले उसके महाराष्ट्र या मध्य प्रदेश में अस्तित्व का कोई निशान नहीं था। लिहाजा गोवारी समुदाय को एसटी के लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी और जस्टिस एमआर शाह की पीठ ने संवैधानिक



प्रावधानों और हाई कोर्ट के फैसले का विस्तार से अध्ययन करने के बाद अपने फैसले में कहा कि हाई कोर्ट द्वारा दिया गया कोई भी कारण मानने योग्य नहीं है कि गोवारी समुदाय गोंड गोवारी के एसटी प्रमाणपत्र को पाने का अधिकारी है। हाई कोर्ट का यह फैसला कि 1911 से पहले गोंड गोवारी जनजाति पूरी तरह विलुप्त हो गई थी, दोषपूर्ण पाया गया है। साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले के बाद गोवारी समुदाय के लोगों को प्रवेश और नौकरियों में मिले आरक्षण के लाभों को वापस नहीं लिया जाएगा।

## अगले एक सप्ताह तक उत्तर भारत में पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले एक हफ्ते तक देश के मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। देश के उत्तरी क्षेत्र के मैदानी इलाकों में सर्द हवा चलने के चलते ठंड काफी बढ़ गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज कहा कि अगले सप्ताह के दौरान उत्तर भारत में रात का तापमान सामान्य से नीचे रहेगा और एक हफ्ते बाद ही थोड़ी राहत की उम्मीद की जा सकती है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, विभाग ने 17-24 दिसंबर और 24-30 दिसंबर तक के अपने पूवार्नुमान में कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहेगा।

मौसम विभाग की मानें तो पहले सप्ताह के दौरान देश के शेष हिस्सों में तापमान सामान्य के करीब या थोड़ा ज्यादा रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पहले सप्ताह की पहले हिस्से के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में शीत लहर बढ़ जाएगी और फिर उसके बाद कम होगी। मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

दिल्ली में पारा लगातार गिरता जा रहा है। मौसम विभाग ने माना है कि दिल्ली इस वक्त शीतलहर की चपेट में है। वहीं, ऐसा अनुमान है कि महीने के अंत तक दिल्ली का न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। पहाड़ों पर हुई जोरदार बर्फबारी से मैदानी इलाकों में पाला पड़ रहा है। दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में बफीर्ली हवाओं से पारा लुढ़क कर 3 डिग्री पहुंच गया है। पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली में शुक्रवार की सुबह का तापमान 3 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। लगातार गिर रहे तापमान और शीत लहर के कारण आने वाले दिनों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

पहाड़ों पर तापमान माइनस डिग्री पहुंचने से देश के कई राज्यों में लोगों की



परेशानी एकाएक बढ़ गई है। दिल्ली-एनसीआर में आज दर्ज न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री था। दिल्ली में ये इस मौसम का सबसे कम तापमान था। वहीं इसने 10 साल का रिकॉड भी तोड़ दिया। इससे पहले 2011 में 16 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री था। इस बीच मौसम विभाग की चेतावनी ने दिल्ली वासियों की तनाव और बढ़ा दी है। विभाग की तरफ से चेतावनी दी गई है कि दिल्ली पर ठंड अभी और बढ़ेगा। उसके मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में दिन में भी जबरदस्त ठंड होगी और शीतलहर चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटों में कड़ाके की ठंड रही। घने कोहरे और ठंड की स्थिति पश्चिम और पूर्वी यूपी में देखने को मिली। शुक्रवार को फुर्सतगंज (रायबरेली) का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो उत्तर प्रदेश में सबसे ठंडे स्थान के रूप में दर्ज हुआ। जबकि झांसी में राज्य में सबसे अधिक 23.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार सुबह के लिए राज्य के अलग-अलग स्थानों पर शुष्क मौसम और उथले से मध्यम कोहरे का अनुमान लगाया है।

हिमाचल प्रदेश में केलांग, मनाली और कल्पा में पिछले 24 घंटों में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किए जाने के साथ शीत लहर की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है, लेकिन न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की कमी आई है। मौसम विभाग के मुताबिक लाहौल-स्पीति का प्रशासनिक केंद्र केलांग शून्य से 8 डिग्री सेल्सियस कम तापमान के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

कश्मीर में न्यूनतम तापमान शून्य से और नीचे चला गया तथा आसमान साफ रहा। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बीती रात, श्रीनगर में इस मौसम में अब तक की सबसे सर्द रात रही। अधिकारियों ने कहा कि घाटी में रात के तापमान में गिरावट जारी रही और आसमान साफ रहा। श्रीनगर में तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा जो कि पिछली रात 4.8 डिग्री सेल्सियस था। इस मौसम में न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जिसके कारण कई जलाशय जम गए। गुलमर्ग में तापमान शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जो कि सामान्य से छह डिग्री कम था। संघशासित प्रदेश में गुलमर्ग सबसे ठंडा स्थान रहा। अधिकारियों ने कहा कि पहलगाम में तापमान शून्य से 8.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। उन्होंने कहा कि काजीगुंड में तापमान शून्य से 4.9 डिग्री नीचे, कुपवाड़ा में शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस कम और कोकेरनाग में शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

## देश में जल्द शुरू होगा टीकाकरण अभियान, ऐच्छिक होगा वैक्सीन लगवाना

**भारत की कोरोना वायरस वैक्सीन किसी अन्य देश की वैक्सीन जितनी ही प्रभावी होगी। परीक्षणों में पाया गया है कि वैक्सीन की दूसरी खुराक लेने के दो सप्ताह बाद शरीर में कोरोना वायरस को निष्प्रभावी करने वाली एंटीबॉडी पैदा हो जाती हैं।**

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि कोरोना संक्रमण से बचाव का टीका ऐच्छिक होगा। जो व्यक्ति चाहेगा-उसे ही वह टीका लगाया जाएगा। यह भी कहा कि भारत में विकसित होने वाली वैक्सीन किसी अन्य देश में विकसित वैक्सीन की तरह ही प्रभावी होगी। इसमें किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सलाह दी है कि देश में संक्रमण की स्थिति के मद्देनजर कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगवानी चाहिए। इससे बीमारी से लड़ने के लिए शरीर में मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो जाती है। परीक्षणों में पाया गया है कि वैक्सीन की दूसरी खुराक लेने के दो सप्ताह बाद शरीर में कोरोना वायरस को निष्प्रभावी करने वाली एंटीबॉडी पैदा हो जाती हैं। मंत्रालय ने कहा है कि देश में वैक्सीन के परीक्षण की प्रक्रिया कई चरणों में है और जल्द ही ये देश में लांच हो जाएगी। कुल छह वैक्सीन अपनी परीक्षण प्रक्रिया पूरी कर रही हैं। इनमें भारत बायोटेक और आइसीएमआर, जायडस कैडिला, जेनोवा, ऑक्सफोर्ड, स्पुतनिक वी और बायोलॉजिकल ई लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही वैक्सीन हैं।



इसके मद्देनजर देश में जल्द टीकाकरण अभियान शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वैक्सीन की दो खुराक 28 दिनों के अंतर पर ली जाती हैं और उसके दो सप्ताह बाद यह अपना असर दिखाते हुए शरीर में एंटीबॉडी पैदा कर देती है। पैदा होने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता के चलते वैक्सीन लेने वाला व्यक्ति कोरोना वायरस के हमले से खुद को सुरक्षित रख पाता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कैंसर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन आदि बीमारियों से ग्रस्त लोग भी कोरोना से बचाव की वैक्सीन ले सकते हैं। लेकिन वे पहले से जो दवाएं ले रहे हैं, उनके विषय में उन्हें वैक्सीन देने वाले स्वास्थ्यकर्मी को जानकारी देनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा है कि वैक्सीन सभी के लिए उपलब्ध होगी लेकिन ज्यादा खतरे वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर उसे उपलब्ध करवाया जाएगा। प्राथमिकता समूह में स्वास्थ्यकर्मी, सार्वजनिक स्थानों पर कार्य करने वाले लोग और 50 वर्ष से ज्यादा उम्र के लोग होंगे। प्राथमिकता समूह के लोगों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाएगा। इससे वे बिना कठिनाई के वैक्सीन (टीका) लगवा सकेंगे। प्राथमिकता समूह के लोगों को टीकाकरण के लिए पंजीकरण कराना होगा। उसी के अनुसार उन्हें मोबाइल संदेश के जरिये बुलाया जाएगा। पंजीकरण के लिए फोटो लगा पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह पहचान पत्र सरकारी और प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का भी हो सकता है।

## सीबीआइ ने दो बैंकों से 525 करोड़ रुपये की अधिक की धोखाधड़ी मामले में कई ठिकानों में मारी छापेमारी

**अहमदाबाद की वारिया इंजीनियरिंग पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। आरोप लगाया गया है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के कंसोर्टियम से 2013-17 के बीच 452.62 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई।**



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सीबीआइ ने दो बैंकों से 525 करोड़ रुपये की अधिक की धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को नौ जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने वारिया इंजीनियरिंग तथा गोपाला पॉलीप्लास्ट लिमिटेड के खिलाफ क्रमशः 452.62 करोड़ तथा 72.55 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अहमदाबाद की वारिया इंजीनियरिंग पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। आरोप लगाया गया है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के कंसोर्टियम से 2013-17 के बीच 452.62 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। सीबीआइ ने आरोप लगाया है कि कंपनी के निदेशक हिमांशु प्रफुलचंद वारिया तथा सेजल वारिया ने खातों में हेराफेरी कर घोटाला किया। एजेंसी ने दूसरा केस गोपाल पॉलीप्लास्ट लिमिटेड के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर दर्ज की है।

## RSS से जुड़े भारतीय किसान संघ ने कहा कृषि कानून रद करने से नहीं बनेगी बात

**भोपाल, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ कृषि कानूनों को मौजूदा स्वरूप में लागू किए जाने के पक्ष में नहीं है। संगठन ने सरकार को सुझाव दिया है कि सुधार करके इसे लागू किया जाए, तभी यह किसानों के लिए लाभकारी होंगे। कानूनों को रद्द करने की जगह सुधार हो। कृषि व्यापार में खुली प्रतिस्पर्धा के तहत होना चाहिए। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानूनी प्रविधान होना चाहिए। इसके लिए ऐसी व्यवस्था बने कि यह सिर्फ सरकारी खरीद नहीं बल्कि सब पर लागू हो। खेती से जुड़े विवादों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर कृषि न्यायालय हों। सरकार समाधान की दिशा में बढ़ रही है पर आंदोलन में गए लोग सिर्फ हां-ना में बात कर रहे हैं। ऐसे में वार्ता नहीं हो सकती है। यह बात भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने शुक्रवार को भोपाल स्थित संघ कार्यालय में पत्रकारवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों को लेकर भारतीय किसान संघ अपने मत पर अडिग है। संघ ने केंद्र सरकार को सुझाव दिया है कि कृषि व्यापार खुली प्रतिस्पर्धा के तहत होना चाहिए। इसके लिए त्रिस्तरीय कृषि व्यापार व्यवस्था होनी चाहिए। इसमें सरकारी की खरीद, निजी व्यापारियों की खरीद और कृषि उपज मंडियों के माध्यम से खरीद होना चाहिए। समर्थन मूल्य का लाभ किसान को होना चाहिए पर यह तभी हो सकता है जब इसके लिए केवल सरकारी खरीद नहीं बल्कि एक कानूनी व्यवस्था बन जाए। निजी व्यापारी के लिए भी यह बंधन होना चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां यह प्रविधान है कि समर्थन मूल्य से नीचे कोई बोली नहीं लगेगी पर कानूनी आधार नहीं होने से पालन नहीं होता है। सही मायने में पेच एमएसपी पर फंसा हुआ है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि अक्टूबर और नवंबर में किसानों को 1,900 करोड़ रुपये का किसानों को कम कीमत मिलने से नुकसान हुआ है। कानून में व्यापारियों को किसानों को खेत में जाकर उपज खरीदने का प्रवधान किया है। कई बार किसानों के साथ धोखा हो जाता है। इसमें लायसेंसिंग की बात हम नहीं कर रहे हैं पर पंजीयन होना चाहिए। सिर्फ पैनकार्ड होने भर से बात नहीं चलेगी। केंद्र या राज्य सरकार के स्तर पर पंजीयन हो जाए और बैंक सिक्योरिटी हो ताकि गड़बड़ हो जाती है तो वो पकड़ में आ जाए। खेती से जुड़े विवादों के निराकरण के लिए अलग से व्यवस्था होनी चाहिए। सरकार ने घिसी-पिटी एसडीएम वाली व्यवस्था दी है।

## भारत चीन के बीच डब्ल्यूएमसीसी की बैठक

**विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि अगले दौर के वरिष्ठ कमांडरों की बैठक जल्द ही किसी तारीख पर होनी चाहिए ताकि दोनों पक्ष वर्तमान समझौतों एवं प्रोटोकॉल के सैनिकों के पूर्ण रूप से पीछे हटाने की दिशा में काम कर सकें।**

**नई दिल्ली, एएनआई।** भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के घटनाक्रमों की समीक्षा की और एलएसी पर टकराव वाले सभी बिंदुओं से जल्द से जल्द सैनिकों की पूरी तरह वापसी तथा राजनयिक और सैन्य स्तर पर विचार-विमर्श करते रहने पर सहमति जताई । विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि अगले (नौवें) दौर के वरिष्ठ कमांडरों की बैठक जल्द ही किसी तारीख पर होनी चाहिए ताकि दोनों पक्ष वर्तमान समझौतों एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप एलएसी पर सैनिकों के पूर्ण रूप से पीछे हटाने और शांति स्थापित करने की दिशा में काम कर सकें। पूर्वी लद्दाख गतिरोध पर चीन के साथ बातचीत के विषय में विदेश मंत्रालय ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर टकराव वाले सभी बिंदुओं से जल्द से जल्द सैनिकों की पूरी तरह वापसी की दिशा में काम करते रहने की सहमति बनी। सीमा गतिरोध पर चीन के साथ हुई राजनयिक स्तर की वार्ता पर मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस बात का संज्ञान लिया कि सैन्य वार्ता के सातवें और आठवें दौर से स्थिरता लाने में मदद मिली।

मंत्रालय के बयान के अनुसार शुक्रवार 18 दिसंबर को भारत चीन सीमा मामलों पर विचार विमर्श एवं समन्वय पर कार्यकारी तंत्र



(डब्ल्यूएमसीसी) की डिजिटल माध्यम से 20वीं बैठक हुई । इस बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) कर रहे थे जबकि चीनी शिष्टमंडल का नेतृत्व चीन के विदेश मंत्रालय के सीमा एवं समुद्र मामलों के विभाग के महासचिव कर रहे थे। डब्ल्यूएमसीसी की पिछली बैठक 30 सितंबर को हुई थी।

मंत्रालय के अनुसार, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के घटनाक्रमों की समीक्षा की है। दोनों पक्षों ने इस बात का संज्ञान लिया कि सातवें और आठवें दौर की वरिष्ठ कमांडरों की बैठक से जमीनी स्तर पर स्थिरता लाने में मदद मिली। उल्लेखनीय है कि सातवें और आठवें दौर की वरिष्ठ कमांडरों की बैठक क्रमशः 12 अक्तूबर और छह नवंबर 2020 को हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने राजनयिक एवं सैन्य स्तर पर विचार-विमर्श जारी रखने पर सहमति जताई। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में शून्य से नीचे तापमान वाले पूर्वी लद्दाख के पर्वतीय क्षेत्र में करीब 50 हजार भारतीय सैनिक पूरी तरह से तैयार स्थिति में तैनात हैं। दोनों देशों के बीच गतिरोध को समाप्त करने को लेकर बातचीत का अभी कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई थी कि चीन के साथ आगे बातचीत से दोनों पक्षों को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सभी संघर्ष वाले इलाकों से पूर्ण रूप से पीछे हटने के लिये परस्पर रूप से स्वीकार्य समझौते पर पहुंचने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में बताया था कि दोनों पक्ष राजनयिक एवं सैन्य माध्यमों के जरिये सम्पर्क बनाए हुए हैं और इन चचाओं के माध्यम से दोनों पक्षों को एक दूसरे के रूख के बारे में समझ बढ़ाने में मदद मिली है।

## संक्षेप समाचार

### प्रयागराज में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी है आप

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी इसकी तैयारियों में जुट गई है। इसी के तहत प्रयागराज जिले के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने इस घोषणा के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद दिया है। जिला प्रभारी विवेक सिंह ने कहा की दिल्ली जैसी सुविधा पाने का हक उत्तर प्रदेश की जनता को भी है। बिजली, पानी, स्वास्थ और स्कूल जैसी सुविधाएं लोगों को हर हाल में मिलनी चाहिए। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ.अल्ताफ अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक जितनी भी पार्टियां आईं, उन्होंने सिर्फ जाति-धर्म के नाम पर ही चुनाव लड़ा है। अब ये तस्वीर आम आदमी पार्टी के मैदान में उतरने के बाद बदलेगी। अब उत्तर प्रदेश में भी बिजली-पानी, शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार आदि मुद्दों पर बात होगी। आम आदमी पार्टी जिसके दिल्ली विकास मॉडल को दुनिया ने सराहा है हम वही मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि खुशी हो रही है ये देख कर की सिर्फ हमारी चुनावी रण में उतरने के एलान से ही अन्य दल स्कूल और हॉस्पिटल जैसे मुद्दों पर बात करने लगे हैं। आप के जिला प्रभारी विवेक सिंह ने कहा कि पार्टी प्रदेश की जनता को वही सब सुविधाएं मिलेंगी जो दिल्ली की जनता को मिलती है। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी,मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बिजली, पानी, मोहल्ला क्लीनिक, चमचमाते सरकारी स्कूल, महिला सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा जैसे तमाम बुनियादी सुविधाओं पर प्रदेश की जनता का हक है।

# नवाबगंज में आबकारी विभाग के लिपिक एवं पूर्व शिक्षक के घर से चोरों ने उड़ाया नगदी समेत लाखों का माल, मचा हड़कंप

**बीती रात को आबकारी लिपिक के घर में घुसकर चोरों ने पार किया नगदी समेत लाखों के जेवरात, केस दर्ज**

**नवाबगंज इलाके में नहीं थम रही है चोरी की घटनाएं, पुलिस नहीं कर पा रही है चोरी घटनाओं का खुलासा**







बुदौना मजरा शुक्लान गांव में लाखों की चोरी के बाद कमरे में पड़ा अस्त-व्यस्त सामान

**नवाबगंज।** बीती रात को अज्ञात चोरों ने छत के सहारे पर घर के कमरे में घुसकर नगदी समेत लाखों रूपए के सोने-चांदी के आभूषण समेट ले गए। शुक्रवार की सुबह जब परिजन सोकर उठे, तो घर के अन्य कमरे में पहुंचे तो अस्त-व्यस्त सामान देखकर दंग रह गए। आबकारी लिपिक के घर हुई लाखों की चोरी घटना की खबर जैसे ही गांव में पहुंची तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उधर गांव के ही पूर्व शिक्षक के घर में भी चोरों द्वारा हजारों की चोरी किये जाने का प्रयास किया गया है। लाखों की चोरी घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। हालांकि भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करते हुए चोरों का पता लगाने में जुट गई है। जबकि लाखों की चोरी घटना को लेकर ग्रामीणों में खलबली सी मची रही।

थाना नवाबगंज बुदौना मजरा शुक्लान गांव निवासी जितेंद्र कुमार शुक्ला आबकारी विभाग प्रयागराज में लिपिक के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि बीती रात को अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर कमरे में लगा ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। जिसके बाद चोरों ने घर के कमरे में घुसकर हजारों रूपए की नगदी, लाखों रूपए सोने-चांदी के जेवरात चोर खंगाल ले गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली, तो कमरे का टूटा ताला देखा तो पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर गांव के ही पूर्व शिक्षक श्याम नारायण मिश्र के घर से चोरी की गई है। लाखों की चोरी घटना को लेकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर ग्रामीण संग नवाबगंज की पुलिस मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस चोरी घटना मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। नवाबगंज के बुदौना गांव में आबकारी विभाग के लिपिक एवं पूर्व शिक्षक के घर चोरी होने को लेकर लोगों में खलबली मची रही। हालांकि घटना मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच-पड़ताल में जुट गई है।





चोरी के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए

## नवाबगंज एवं होलागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लूट एवं गैंगेस्टर के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवाबगंज।** पटेल नगर तिराहे से नवाबगंज एवं होलागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लूट एवं गैंगेस्टर एक्ट में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को लिखा-पढ़ी कर जेल भेज दिया है। नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, होलागढ़ इंस्पेक्टर तारकेश्वर राय कां0 सुजीत कुमार, विश्व प्रकाश एवं महिला कांस्टेबल मालती देवी एवं सुमन यादव की संयुक्त टीम द्वारा पटेल नगर तिराहे से शुक्रवार की सुबह लूट एवं गैंगेस्टर एक्ट के चार अभियुक्तों को पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों में मो0 शाहिद उर्फ झब्बू पुत्र अनवर अली, विजय लाल पासी पुत्र मेवा लाल, साजिद अली पुत्र स्व0 मो0 हनीफ एवं मो0 मोबीन पुत्र इश्हाक निवासीगण पश्चिम नारा थाना होलागढ़ के रूप में बताया गया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों से पूछतांछ करते हुए जमा तलाशी में 240 रुपए बरामद करते जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में खासी हलचल सी मची हुई है।

## हत्या के प्रयास का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**कौंधियारा।** थाना कौंधियारा की पुलिस ने हत्या के प्रयास में अज्ञात मामले में पंजीकृत आरोपी को आज सड़वा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया वहीँ पुलिस को आरोपी के कब्जे से एक चाकू भी बरामद हुए।डीआईजी/एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ के निर्देश पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व सीओ बारा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष कौंधियारा कुलदीप कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में चौकी जारी मनीष कुमार सिंह आज अपने अन्य पुलिस फोर्स के साथ वांछित अपराधियो के धर पकडे हेतु क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबीर द्वारा मिली सुचना की 16 दिसम्बर को थाना कौंधियारा पर हत्या के प्रयास में अज्ञात में दर्ज मामले का अपराधी सड़वा नहर पुलिया के पास मौजूद है।जिसके बाद चौ.प्र.त्वरित कार्यवाही में जुटे दल बल के साथ मौके पर पहुँचे पुलिस देख अभियुक्त भागने लगा जिसके बाद पीछा कर आरोपी को धर दबोचा।पूछ तांछ में अभियुक्त ने अपना नाम प्रदीप कुमार मौर्या पुत्र नन्दलाल ग्राम जारी कौंधियारा बताया और जुर्म को भी कबूला।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

## अर्धसैनिक बल के ग्रुप सेंटर में अब होगी संक्रमण की रैंडम जांच

**प्रयागराज।** सीआरपीएफ में कोरोना के एक साथ दो दर्जन से अधिक मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग बेहद चौकन्ना हो गया है। पुलिस / पीएसी व पैरा मिलिट्री फोर्स की अन्य बटालियन में कोरोना के और भी मरीज हो सकते हैं यह पता लगाने को स्वास्थ्य महकमा अब उनमें रैंडम जांच करेगा। जवानों की आयु और खान-पान दुरुस्त होने के कारण उनमें कोरोना के लक्षण तो मिलने की संभावना काफी कम है, लेकिन जांच रिपोर्ट के आधार पर ही उन्हें आइसोलेट व अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया जाएगा। प्रयागराज में आरएएफ, सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर हैं तो सेना की छावनी और धूमनगंज में पीएसी की वाहिनी भी है। इनमें अर्धसैनिक बलों के जवान, अफसरान और उनके स्वजन भी रहते हैं। कोरोना काल में समय-समय पर इन अर्धसैनिक बलों के ठिकानों से इक्का-दुक्का कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलते रहे हैं, लेकिन सीआरपीएफ में दो दिनों पहले 27 लोगों का एक साथ पॉजिटिव मिलना हैरानी भरा रहा। जबकि इससे पहले आरएएफ के फाफामऊ ग्रुप सेंटर में भी समय-समय पर कोरोना पॉजिटिव केस मिलते रहे हैं। सीएमओ डॉ प्रभाकर राय ने कहा कि कोरोना जांच के लिए लोगों की गंभीरता अभी कम है। पिछले दिनों सीआरपीएफ और ईसीसी में कैंप लगाया गया तो मरीजों की अधिक तादाद का पता चला। इसलिए अब अर्धसैनिक बलों की छावनी में रैंडम जांच कराई जाएगी। कैंप भी व्यापक स्तर पर लगवाए जाएंगे। लोगों को भी चाहिए कि जिन्हें कोरोना के लक्षणों के अनुसार शरीर में थोड़ी भी दिक्कत महसूस हो रही है वे खुद एक कदम आगे बढ़ाते हुए अपनी जांच कराएं।

ईसीसी में एक साथ पॉजिटिव मिले 30 लोगों में अधिकांश छात्र हैं। सीएमओ का कहना है कि अधिकांश छात्र युवा हैं जिनमें कोरोना के लक्षण नहीं दिखे, लेकिन उनके गृह जिलों में एसडीएम या तहसील प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। वहां छात्रों के घरों के आसपास के इलाके को सैनिटाइज कराया जा रहा है।

# किसान विरोधी बिल को लेकर निकाला विशाल किसान सम्मान यात्रा

**सिरसा।** विधानसभा मेजा में नये कृषि बिल को ले कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लगातार ग्यारहवें दिन भी विधान सभा मेजा मे समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष श्याम कृष्ण सिंह ₹पप्पू यादव ₹ चेयरमैन नगरपंचायत सिरसा के नेतृत्व मे किसान सम्मान यात्रा बाइक द्वारा निकाला गया । यात्रा का संचालन हर्षित पांडेय ने किया ।

विधानसभा अध्यक्ष पप्पू यादव चेयरमैन ने कहा की मोदी सरकार किसान विरोधी है किसान दिन रात मेहनत करके देश का पेट भरता है किन्तु ये दंभी सरकार किसानों को भूखा मार रही है । ये मोदी सरकार किसानों को गिरवी रखना चाह रही है जैसे रेल, बिजली, एअरपोर्ट, कारखाने, लालकिला को अपने पुंजीपतियों के हाथों गिरवी रख दिये है उसी प्रकार देश के अन्नदाता को भी गिरवी रखना चाह रहे है । जब किसानों को बिल स्वीकार नही है तो क्यू जबरदस्ती उनके उपर बिल थोपा जा रहा है । जब तक किसानों को उनकी हक नही मिलता है, तब तक समाजवादी पार्टी किसान के हित मे किसान पद यात्रा जारी रहेगा। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं पूरे विधानसभा में जाकर घर-घर बर्तमान सरकार की तानाशाही को उजागर करेगी। मोदी सरकार किसान विरोधी सरकार बन गयी है। हर्षित पांडेय ने कहा कि किसी भी सुरत मे ये बिल स्वीकार नही किया जायेगा।जब तक सरकार बिल वापस नही लेती तब तक संघर्ष जारी रहेगा और गांव -गांव गली गली मे किसान सम्मान यात्रा जारी रहेगी । किसान सम्मान यात्रा डॉ ओम शंकर पाण्डेय के आवास शिवपुरा से प्रारम्भ हो कर ऊंचडीह, सोनारतारा, अकोड़ा, घूघा, औंता, चोरबना, होते हुये अमिलीया पहुँची जहां पर अमिलीया प्रधान अश्वनी मिश्रा द्वारा यात्रा का स्वागत किये व यात्रा का समर्थन किया । अमिलीया से चल कर लेहड़ी चौराहे पर सभा के रुप मे समाप्त हुआ । यात्रा मे मुख्य रूप से नीरज सिंह यादव अधिवक्तता, रचित कुमार विश्वकर्मा नेता जी, दिवाकर सिंह यादव एडोकेट, विजय राज सिंह यादव, ईश्वर चंद्र धबगर एडोकेट, दीपू सिंह, देवेश कुमार यादव अधिवक्तता,कमलेश कुमार यादव प्रधान, विमल कुमार यादव, आमोद कुमार यादव, संतोष कविश्वकर्मा एडोकेट, शिवमोहन यादव, राम मिलन सिंह यादव, लवकुश यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, विवेक पाण्डेय, दीपक पाण्डेय (भोलेबाबा), श्याम बहादुर पटेल, शेषमणि पटेल, देवराज पटेल, नारायण पाण्डेय, नीतिन तिवारी, नीतिन पाण्डेय, जगदीश दुबे, प्रभात दुबे बबलू सिंह, राहुल यादव, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, ई. इम्तियाज अली, कल्लू अली, अमर नाथ, राजन सिंह लक्ष्मी शंकर, गुड्डू आदि सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता व नौवजवान साथिय और सम्मानित किसान मौजूद रहें ।



किसान सम्मान यात्रा निकालते सपाई

## ठंड हवाओं व शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

**शंकरगढ़।** बादल की छटा हटते ही मौसम साफ होने व ठंडी हवाओं से तापमान में तगड़ी गिरावट आने से शंकरगढ़, नारीबारी सहित पूरे यमुनापार में दिसम्बर माह में ही कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। शुक्रवार को ठंडी हवाओं के कारण आने वाले समय में ठंड और बढ़ने की संभावना है। जिससे किसानों, व्यापारियों राहगीरों व आम नागरिकों मे ठंड बढने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। घरों मे नागरिक अलाव का सहारा लेने लगे हैं। आम नागरिकों को ठिठुरन से बचाव हेतु शंकरगढ़,नारीबारी क्षेत्र में कही भी प्रशासन के तरफ से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई। क्षेत्रीय नागरिक शम्भू जायसवाल,देवी दत्त तिवारी, प्रदीप कुमार मिश्र,तारा चंद्र पांडेय, दिव्याँशू चतुवेर्दी आदि लोगों ने तहसील प्रशासन से चौराहो-तिराहो पर अलाव जलाने की मांग की है।

## यूपी बोर्ड:10वीं-12वीं में लागू होंगी अंग्रेजी की एनसीईआरटी आधारित किताबें

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड 2021-22 सत्र से तीन और कक्षाओं में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) पर आधारित पाठ्यक्रम लागू करेगा। कक्षा 10 व 12 में अंग्रेजी और कक्षा 12 में कॉमर्स में राष्ट्रीय मानक के अनुरूप कोर्स लागू करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार प्रकाशन का टेंडर जनवरी में जारी होगा ताकि मार्च के तीसरे सप्ताह तक नई किताबें बाजार में उपलब्ध हो जाएं। इसी के साथ हिन्दी और संस्कृत को छोड़कर यूपी बोर्ड के स्कूलों में अन्य सभी विषयों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की तरह एनसीईआरटी का कोर्स लागू हो जाएगा। बोर्ड ने 2020-21 सत्र में कक्षा 9 व 11 की अंग्रेजी और कक्षा 11 कॉमर्स में एनसीईआरटी का कोर्स लागू किया था। इस बदलाव से कक्षा 9 अंग्रेजी साहित्य का कोर्स दोगुने से अधिक जबकि 11वीं का पाठ्यक्रम आधे से भी कम हो गया। कॉमर्स में सामान्य हिन्दी, व्यवसाय अध्ययन और लेखाशास्त्र बच्चों को अनिवार्य रूप से पढ़ना है जबकि अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गणित और कम्प्यूटर में से कोई दो विषय ले सकते हैं। बोर्ड ने 2018-19 सत्र में 18 विषयों की 31 किताबें जबकि 2019-20 सत्र से छह विषयों हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान और इंटर इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र में एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम की लागू किया था। एनसीईआरटी की किताबें लागू होने के बाद यूपी बोर्ड के बच्चों को 80 फीसदी तक सस्ती किताबें मिल रही हैं। कक्षा 11 अंग्रेजी की किताब स्नैपशॉट बाजार में सिर्फ 7 रुपये में है जबकि एनसीईआरटी की यही किताब बाजार में 35 रुपये में उपलब्ध है।

# मऊआइमा में कृषि मेले का आयोजन किया गया



किसानों को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक



कृषि मेले में उपस्थित किसान

**मऊआइमा।** मऊआइमा में शुक्रवार को कृषि सूचना तंत्र के शुद्धिकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत विकासखंड मऊआइमा के राजकीय कृषि बीज भंडार परिसर में क्रिश मेले का आयोजन किया गया जिसमें जनपद प्रयागराज से कृषि वैज्ञानिक डॉ मुकेश डॉक्टर मनीष केसरवानी के द्वारा किसानों को रासायनिक खादों बीजों उर्वरकों व किसानों की आय को दोगुनी कैसे किया जाए इस संबंध में बताया गया और बीजों की गुणवत्ता पहचानने के गुणों के बारे में बताया मऊआइमा विकासखंड के एडीओ आईएसबी सुनील सिंह के द्वारा समूह गठन वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि तमाम तरह की चल रही सरकार की योजनाओं को मेले में आए हुए लोगों को जानकारियां प्रदान की गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक कृषि अधिकारी रमेश सिंह द्वारा की गई । मेंले में मुख्य रूप से उपस्थित कृषक व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रदीप यादव, अमित कोरी, दिनेश पाल, कमलेश निषाद, गुलाब प्रजापति, प्राविधिक सहायक आनंद बीटीएम राकेश मौर्या, जिला पंचायत सदस्य मिठाई लाल, शंभूनाथ पटेल, मुन्नीलाल यादव, प्रेम जयसवाल, शेखर पांडे अदि कृष क गण उपस्थित रहे।

## विधायक बारा ने क्षेत्र का भ्रमण कर सुनी किसानों की समस्या

**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज आने के बाद अपने क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए बारा विधायक डॉ अजय कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र के भोंडी, नीबी, लोहगरा आदि ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए क्षेत्रीय लोगों के समस्याओं को जाना व अधिकारियों को निराकरण को निर्देशित किया। साथ ही वर्तमान मे किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर किसानों को जागरूक करते हुए तीनों नए कृषि अधिनियम की जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ही किसानों को भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए आगे कदम बढा रही है। जिसे कुछ राजनीतिक लोगों ने हवा देकर भोले-भाले किसानों को गुमराह कर रहे हैं। स्थानीय किसानों ने बाघला नहर ना चलने से किसानी पिछलने की बात कर तत्काल नहर चलवाने की मांग किया। जिस पर विधायक बारा डॉ.अजय कुमार ने तत्काल मौके पर ही बाघला नहर के अधिकारियों से बात कर नहर तत्काल चलाने को कहा। जिस पर अधिकारियों ने तीन दिन मे नहर चलाने का आश्वासन दिया। वही स्थानीय पंचमठा धाम भोंडी के रोड और बड़ी लाइट को जल्द लगावाने का आश्वासन भी विधायक बारा ने क्षेत्रीय नागरिकों के मांग पर किया है। विधायक बारा के साथ विधायक प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी, जीतेन्द्र शुक्ला,मोहन यादव के साथ क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र घायल


**घूरपुर।** क्षेत्र के इरादतगंज चौराहे पर बोलेरो की टक्कर से पिता पुत्र घायल हो गए पुलिस ने दोनों को पास के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। नैनी के मामाभांजा तालाब निवासी मनोज सिंह(45) अपने पुत्र तरुण (12) शुक्रवार की दोपहर बाइक से जसरा जा रहे थे कि जैसे ही इरादतगंज चौराहे पर पहुंचे की पीछे से ओवर टेक कर रही बोलेरो साइड से टक्कर मारते भाग गई। बाइक समेत पिता पुत्र सड़क पर गिर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे परिजन प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को नैनी के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### ठंड से ट्रक चालक व वृद्धा की चली गई जान

**घूरपुर।** ठंड कहर बरपाने लगी है। घूरपुर इलाके में दो अलग अलग गावों में एक ट्रक चालक व एक वृद्धा की ठंड ने जान ले ली है। घूरपुर कस्बा निवासी फूल चन्द्र उर्फ पग्गल (55) ट्रक चालक है। गुरुवार की सायंकाल ट्रक से अपने घर आए जैसे ही कुर्सी पर बैठे की ठंड से हाथ पांव काप रहे थे। घर वाले कुछ समझ पाते कि कुर्सी से नीचे गिरे और मौत हो गई। वही बीकर गाव निवासी बैरी देवी (60) पत्नी जमुना निषाद शुक्रवार की सुबह खेत में शौच कर घर वापस आयी तो ठंड से कांप रही थी घर वाले उन्हें बिस्तर पर लिटाया की मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित स्वयं सहायता समूहों एवं संगठनों के कार्यक्रम का वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ सजीव प्रसारण

**मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद प्रयागराज की ऐंजेल स्वयं सहायता समूह की श्रीमती बीबी फातिमा से संवाद भी किया**



वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करते मुख्यमंत्री

**प्रयागराज।** मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार को लखनऊ से वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों एवं उनके संगठनों को 445.92 करोड़ की पूंजीकरण राशि का आनलाइन हस्तांतरण कर प्रदेश की बहनों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद प्रयागराज में मा0 मुख्यमंत्री जी ने ऐंजेल आजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य श्रीमती बीबी फातिमा से संवाद भी किया। श्रीमती बीबी फातिमा के समूह के द्वारा कोविड संक्रमण के दौरान कुल 40000 खादी के मास्क बनाकर वितरित किया गया। इसके अलावा ऐंजेल समूह के द्वारा स्कूल डेज्स बनाने में कुल 7 महिलाएं एवं ग्राम पंचायत के 12 समूह की 50 महिलाओं की टीम द्वारा यूनिफार्म की सिलाई का कार्य किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने श्रीमती बीबी फातिमा से संवाद करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के द्वारा स्वेटर बनाने का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लिया जाये, जिससे कि उनको और भी कार्य मिल सके एवं वे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद प्रयागराज में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा यूनिफार्म सिलाई में किए गए अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा भी की। इस अवसर पर जनपद प्रयागराज में समूह स्टार्ट अप मद के 642 समूहों को प्रति समूह की दर से कुल 9.63 लाख रुपए, आरएफ मद के 1256 समूहों को प्रति समूह की दर से कुल 188.4 लाख रुपए, सी0आई0एफ0 मद के 1356 समूहों को प्रति समूह की दर से कुल 1491.6 लाख रुपए, ग्राम संगठन स्टार्ट अप मद के 194 समूहों को प्रति समूह की दर से कुल 145.5 लाख रुपए, जोखिम निवारण निधि मद के 98 समूहों को प्रति समूह की दर से 97.3 लाख रुपए, आजीविका निधि मद के 39 समूहों को प्रति समूह की दर से 78 लाख रुपए, प्रेरणा एग्री टूल बैंक मद के 32 समूहों को प्रति समूह की दर से 64 लाख रुपए, उत्पादक समूह निधि मद के 3 समूहों को प्रति समूह की दर से 4.5 लाख रुपए, सी0एल0एफ0 स्टार्ट अप मद के 11 समूहों को प्रति समूह की दर से 38.5 लाख रुपए दिए गये। इस प्रकार से कुल मिलाकर 2117.43 लाख रुपए विभिन्न समूहों को मद वार निर्गत किये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी-भानु चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, डीसी एनआरएलएम- अजीत कुमार सिंह सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।




वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुडे जिलाधिकारी व अन्य

## आचार्य बाड़ा जमीन आवंटन को लेकर गहराया विवाद

**प्रयागराज।** आचार्य बाड़ा की जमीन आवंटन को लेकर मेला प्राधिकरण में विवाद गहरा रहा है। आचार्य घनश्यामाचार्य ने मेला प्रशासन से मांग रखी थी कि जमीन समिति को दी जाए। समिति ही इसे अपने संतों को देगी। इसके उलट गुरुवार को अखिल भारतीय श्री रामानुज वैष्णव समिति के सदस्यों ने बैठककर मेला प्रशासन से मांग रखी है कि जमीन का आवंटन हर सदस्य को प्रशासन ही करे। इस मांग के बाद आचार्यबाड़ा को जमीन आवंटन के दिन विवाद होना लगभग तय हो गया है। स्वामी रामेश्वराचार्य ने बताया कि कुछ लोगों ने गलत तरीके से 83 संतों का नाम कटवा दिया है। जबकि सभी संतों को लंबे समय से जमीन व सुविधाएं दी जाती रही हैं। गत वर्ष मामला प्रकाश में आया तो स्वामी प्रपन्नचार्य व उनके अनुयायियों ने इसका विरोध किया। जिसके बाद भूमि आवंटन का काम मेला प्राधिकरण ने किया। जिसमें सभी संतों को एक साथ जमीन दी गई है। आचार्य प्रपन्नाचार्य कहा कि हमारे महामंत्री डॉ. कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य कौशल को रामानुजनगर प्रबंध समिति के साधारण सदस्य पद से भी अनैतिक तरीके से निकाला गया है। यह भी निंदनीय है। संतों ने कोरोना को देखते हुए इस बार 90 बीघा के स्थान पर 150 बीघा जमीन देने की मांग रखी है। इसके साथ ही हर शिविर में कम से कम एक किचन, 5 नल, 5 बिजली का कनेक्शन ,5 शौचालय व संत निवास के लिए एक-एक ईपी टेंट की मांग भी रखी है। तीसरे प्रस्ताव में मेला क्षेत्र में आने वाले सभी संतों को निःशुल्क कोरोना वैक्सीन लगवाने की मांग रखी है। इन मांगों को लेकर संतों ने मेलाधिकारी कार्यालय में अफसरों को ज्ञापन दिया। बैठक में तमाम साधु संत व महात्मा मौजूद रहे।

## माललदान के क्षेत्र में प्रयागराज मण्डल पर खाद्यान्न और कृषि से जुड़ी अन्य वस्तुओं की लोडिंग में सुधार

**प्रयागराज।** कोविड -19 स्थिति के बावजूद प्रयागराज मण्डल द्वारा माललदान को बेहतर करेने के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किया जा है। माललदान बढ़ाने के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप प्रयागराज मण्डल ने सितम्बर 2020 में 447816 टन माललदान कर रु 41.99 करोड़ की आय की है जो कि सितम्बर 2019 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 21.93% एवं 5.92% अधिक है, अक्टूबर 2020 में 455793 टन माल लदान कर रु 46.91 करोड़ की आय की है जो कि अक्टूबर 2019 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 24.73% एवं 28.98% अधिक है। नवम्बर 2020 में 429564 टन माल लदान कर रु 45.82 करोड़ की आय की है जो कि नवम्बर 2019 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 8.11% एवं 12.57% अधिक है । इसी क्रम में 17 दिसम्बर 2020 तक माललदान से रु 23.8 करोड़ की आय हुई है जो कि पिछले वित्तीय वर्ष के समान अवधि की तुलना में 13.5% अधिक है। रेलवे के माध्यम से माल का परिवहन सुरक्षित, तेज, पर्यावरण के अनुकूल और परिवहन के अन्य साधनों से अधिक लागत प्रभावी है और रेलवे के माध्यम से खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित वस्तुओं के परिवहन में वृद्धि, कृषि और संबंधित क्षेत्रों में विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक है और किसानों को नए और उभरते बाजार से जोड़ता है। प्रयागराज मण्डल ने खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं के लदान में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं जिसमें गुड्स शेड में सुधार, खाद्यान्नों की अतिरिक्त और नई यातायात धारा के लिए 30% तक छूट के प्रावधान वाली स्टेशन से स्टेशन प्रस्तावों को अंतिम रूप देना; ICD दादरी में ट्रैक्टर लोडिंग का नया यातायात; मिनी और आधे रेक में खाद्य अनाज आदि के लोडिंग के माध्यम से नए यातायात प्राप्त करना; बांग्लादेश को खाद्य अनाज निर्यात यातायात प्राप्त करना आदि शामिल हैं।

प्रयागराज मण्डल पर खाद्यान्न और अन्य कृषि से संबंधित सामानों को लोड करने की कुछ उपलब्धियों में लगभग 06 वर्षों के अंतराल के बाद इरादतगंज से खाद्यान्न के 02 रेक की लोडिंग की गई जिससे लगभग रु 73 लाख की आय, नैनी से पिछले 2 महीनों में लगभग 522 वैगन खाद्यान्न की लोडिंग कर रु 5.78 करोड़ की आय, सोनभद्र से 336 वैगनों में नये ट्रैफिक के तहत खाद्यान्न की लोडिंग, ICD दादरी से बंगलादेश के लिये 04 ठटऋरेकों में 400 ट्रैक्टरों का लोडिंग तथा तिरूच्चिरापल्ली के लिए 01 NMG रेक में 150 ट्रैक्टरों की लोडिंग, फतेहपुर से 02 मिनी रेक एवं पनकीधाम से 194 वैगनों में नए ट्रैफिक के तहत खाद्यान्न की लोडिंग इत्यादि सम्मिलित हैं।






## माफिया अतीक अहमद के शूटर फरहान का अवैध मकान पीडीए ने गिराया




अवैध मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में माफिया और उनके करीबियों के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। वहीं माफिया अतीक अहमद के करीबियों व शूटरों की अवैध अचल संपत्तियों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जेसीबी चल रही है। पीडीए इनके मकानों, लाजों को तोड़ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को भी पीडीए की ओर से ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस बार माफिया अतीक के शूटर फरहान अख्तर के बमरौली स्थित मकान को ध्वस्त किया गया।

अतीक अहमद के शूटर फरहान अख्तर के बमरौली स्थित मकान पर शुक्रवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जेसीबी चली। करीब 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने मकान को प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास न होने के कारण गिराया गया। दोपहर में लाव-लश्कर के साथ प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारी बमरौली स्थित फरहान अख्तर के घर पर पहुंची। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अफसर और भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

इसके पूर्व प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद के कई भवनों को कुर्क करने के बाद उनके करीबियों पर भी शिकंजा कसा जा चुका था। करीबियों के अवैध निर्माण पर पीडीए की जेसीबी चल चुकी है। गुजरात की जेल में बंद अतीक के करीबी रिश्तेदार इमरान की सिविल लाइंस में बिल्डिंग को तोड़ा गया था। अधिकारियों के अनुसार नजूल की भूमि पर अवैध ढंग से बनी बिल्डिंग पर अतीक के साढू इमरान का कब्जा था। इसी प्रकार अतीक के साले जकी अहमद की भी अवैध इमारत तोड़ी गई थी। वहीं अतीक अहमद के रिश्तेदार जकी अहमद के गेस्ट हाउस को भी पीडीए ने तोड़ दिया था। गेस्ट हाउस का नक्शा पास नहीं होने की वजह से उसे तोड़ा गया था। उसने करेली में 60 फीट रोड पर करीब 5 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में गेस्ट हाउस बनवाया था।

## महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ आवाज करेगा बुलंद

**प्रयागराज।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन महिला प्रकोष्ठ महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और उत्पीडन के खिलाफ आवाज उठाई है। इसके खिलाफ आवाज उठाने और घरेलू हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं ने महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कहा कि महिलाओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन महिला प्रकोष्ठ द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में घरेलू हिंसा विषय पर संगोष्ठी हुई। इसमें महिला प्रकोष्ठ की मंडलीय उपाध्यक्ष रीतु मसीह ने कहा कि समाज के हर वर्ग में महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार हो रही है। अनादिकाल से देश में महिला को देवी का दर्जा दिया जाता था। हालांकि समय के चक्र के अनुसार समाज में बदलाव आया। पत्नी, मां, बहन, बेटी और बहू के रूप में महिलाओं को अहम हिस्सा होना चाहिए। हालांकि हर रूप में महिला ही घरेलू हिंसा से प्रभावित हो रही है। शारीरिक शोषण ही नहीं बल्कि मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है। रीतु मसीह ने कहा कि समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और पत्र की चाह में परिवार महिलाओं पर अत्याचार करते हैं। महिलाओं को भ्रूण हत्या के लिए भी विवश किया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के साथ यौन अपराध भी बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाने में सरकारें असफल है। समाज में अपराध करने वाला तो अपराधी है। लेकिन, उनके खिलाफ आवाज उठाने के बजाय मौन रहना भी किसी अपराध से कम नहीं। महिलाओं के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाना, आम बात हो गई है। इसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए, ताकि समाज में व्याप्त कुरितियां समाप्त की जा सके।

## धान क्रय केन्द्रों पर मनमानी, उप जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**करछना।** इन दिनों क्षेत्र के कई धान क्रय केन्द्रो पर विभागीय केन्द्रो की मनमानी की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी विनोद कुमार विपणन अधिकारी और विपणन निरीक्षक राकेश सिह के साथ तहसील क्षेत्र स्थित कई क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया इस दौरान क्रय केन्द्र संगम विशाल प्रोडयसर कम्पनी मुगारी पहुचे अधिकारियो ने स्थिति का जाएजा लिया और काफी अनियमितता पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी के नाम थाना औद्धोगिक क्षेत्र मे प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई।अधिकारियो ने केन्द्र पर मौजूद कर्मचारियो को शख्त हिदायत देते हुए शासन द्धारा किसानो के निर्धारित भुगतान करने और खरीद की अच्छी व्यवस्था बनाये जाने की बात कहते हुए कहा कि ऐसा न किए जाने पर सभी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।और आगे भी क्रय केन्द्रो पर अगर किसी प्रकार की गडबडी पाई गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी इसके साथ ही कई अन्य केन्द्रो का भी निरीक्षण किया गया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## पूर्व सांसद गोंडा सत्यदेव सिंह एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर सरोज रानी सिंह का संगम प्रयागराज में हुआ अस्थि विसर्जन

**प्रयागराज।** शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व सांसद गोंडा एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सत्यदेव सिंह एवं उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरोज रानी सिंह का संगम प्रयागराज में उनके पुत्र भाजपा नेता वैभव सिंह द्वारा अस्थि विसर्जन हुआ। अस्थि विसर्जन में शोकाकुल परिवार से उनके पुत्र वैभव सिंह, पुत्र वधू नीरा सिंह, पौत्र विवान वैभव सिंह, वर्षा सिंह, पौत्री तनिषा सिंह, भाजपा नेता मनु कक्कड़ उपस्थित रहे। संगम तट पर पवन श्रीवास्तव एडवोकेट, सुशील पांडे एडवोकेट, ज्ञानेंद्र दिवेदी एडवोकेट, सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट, रजनीकांत श्रीवास्तव, सुधीर केसरवानी, नीरज जायसवाल, शैलेंद्र बहादुर सिंह आदि लोगों ने दिवंगत नेताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।



संगम में अस्थि विसर्जित करने जाते परिजन

## छोटी सी गलती हजारों अभ्यर्थियों के लिए पड़ी भारी

**प्रयागराज।** परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक अध्यापक भर्ती में मामूली गलती करने वाले अभ्यर्थियों को तो राहत मिल गई है लेकिन टीजीटी 2016 सोशल के अभ्यर्थियों को राहत के आसार निकट भविष्य में मिलता नहीं दिख रहा। छोटी सी गलती के कारण हजारों अभ्यर्थियों की नियुक्ति फंसी है। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक (टीजीटी) 2016 सामाजिक विज्ञान में सफल 3662 अभ्यर्थी की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित होने के सालभर बाद भी साक्षात्कार नहीं दे सके हैं। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने 26 नवंबर 2019 को टीजीटी 2016 सामाजिक विज्ञान की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया था। जिसमें बालक वर्ग में 3359 और बालिका वर्ग में 303 अभ्यर्थी सफल थीं। परीक्षा में नागरिक शास्त्र, भूगोल, इतिहास और अर्थशास्त्र विषयों के चार खंड में प्रश्न पूछे जाते हैं। अभ्यर्थियों को इनमें से दो खंडों के प्रश्नों का ही जवाब ओएमआर शीट पर देना होता है। सैकड़ों अभ्यर्थी ऐसे थे जिन्होंने दो खंड का जवाब देने के अलावा तीसरे खंड के एक या दो प्रश्न भी हल कर दिए। चयन बोर्ड ने इन अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित नहीं किया। इसके खिलाफ उन अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका कर दी। मनोज कुमार और 99 अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 14 फरवरी 2020 को उन अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित करने का आदेश दिया था जिन्होंने दो खंड के अलावा गलती से तीसरे खंड के एक या दो सवाल हल कर दिए थे। हालांकि चयन बोर्ड ने कोर्ट के इस आदेश खिलाफ डबल बेंच में अपील कर दी जो अब तक विचाराधीन है। इन मामूली गलतियों का नतीजा यह है कि टीजीटी-पीजीटी भर्ती 2016 के सभी विषयों के साक्षात्कार 16 दिसंबर को खत्म हो रहे है। लेकिन सामाजिक विज्ञान का विवाद हल नहीं हो सका है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### धान क्रय केंद्र पर हंगामा पुलिस ने कराई तौल

**प्रतापगढ़।** धान क्रय केंद्र पर अव्यवस्था पर किसानों ने हंगामा किया। तौल बंद करा दी। पुलिस ने किसानों को शांत कराया। इसके बाद अपनी मौजूदगी में क्रय केंद्र पर धान की तौल कराई।गौरा के रामापुर बाजार स्थित विपणन केंद्र को ही धान क्रय केंद्र बनाया गया है। गुरुवार सुबह क्रय केंद्र खुलते ही किसान तौल कराने के लिए जुट गए। अव्यवस्था होने पर हंगामा शुरू कर दिया। किसानों का आरोप था कि खास लोगों की तौल की जा रही है। इससे नाराज बाकी किसानों ने तौल बंद करा दी। हंगामा बढ़ने की सूचना पर फतनपुर थानाध्यक्ष गणेश प्रसाद सिंह फोर्स के साथ क्रय केंद्र पर पहुंचे। किसानों को समझाकर उन्हें शांत कराया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में पूरे दिन क्रय केंद्र पर धान की तौल कराई गई। केंद्र प्रभारी आनंद स्वरूप का कहना था कि कुछ लोग बेवजह केंद्र पर हंगामा कर रहे हैं। इस कारण पुलिस की सहायता लेनी पड़ी।

### मानक विहीन सड़क निर्माण को देख ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह ने मुख्यमंत्री योगी से घटिया सडक बनाने वाले ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के बिरूद्ध कार्य वहीं करने का असंवशन दिया ।खजुरी से मानधाता तक सडक निर्माण चल रहा है जो कि बिना मानक के ही निर्माण चल रहा है जो ठेकेदार द्वारा गलत तरीके से सडक निर्माण का कार्य हो रहा है न तो पुरानी सडक उखाड़ने के बाद गिट्टी डालने का काम किया गया है उसके ऊपर से ही मानक से कम गिट्टी डालकर सडक निर्माण कार्य किया गया है। जो कि एक बर्षा होने के बाद धाराशही हो जायेगी। इस पर जनता मे भारी अक्रोश देखने को मिल रहा है।

### रोडवेज की बाइस बसों में लगाए गए रिफ्लेक्टर

**प्रतापगढ़।** कोहरे में बसों के संचालन में कोई बाधा न आए, इसके लिए रोडवेज बसों में आल वेदर बल्ब, वाइपर के बाद अब रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। स्थानीय डिपो से दिल्ली, कानपुर, गोरखपुर व वाराणसी रूट पर चलने वाली बसों में गुरुवार को रिफ्लेक्टर लगाए गए। एआरएम पीके कटियार ने बताया कि गुरुवार को 22 बसों में रिफ्लेक्टर लगाए गए।छह सरेंडर बसों की हुई मरम्मत रू कोरोना काल में स्थानीय डिपो की छह बसें सरेंडर कर दी गई थीं। उनकी मरम्मत कराई गई।

## ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

### मौत की खबर मिलते ही परिजनों मचा कोहराम, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी मुन्ना प्रजापति 28 वर्ष पुत्र हरी लाल प्रजापति की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई।पत्नी संगीता की सूचना पर मान्धाता पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की दोपहर जगदीशपुर गांव के निवासी दीपक पटेल पुत्र संतराम पटेल अपने ट्रैक्टर से मिक्सर मशीन खींचकर मांधाता थाना क्षेत्र के सीधा पुर गांव में मकान की छत डालने जा रहे थे। ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर मुन्ना लाल प्रजापति अचानक गिर गया और मिक्सर मशीन के पहिए के नीचे दब गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।ट्रैक्टर चालक शव को लेकर वापस आ गया और मृतक के परिजनों से कुछ ले देकर मामले को खत्म करने की बात करने लगा।लेकिन परिजन समझौता करने को राजी नहीं हुए।मृतक की पत्नी संगीता की सूचना पर मांधाता पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आज अन्त्य परीक्षण कराया। घटना से पूरे गांव में मातम पसारा हुआ है। पत्नी संगीता और उसकी तीन बेटियों व बेटे का रो रो कर बुरा हाल है।



फाइल फोटो मुन्ना प्रजापति।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**कुंडा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शाही होटल बरई के पास नगर के एक व्यक्ति के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। उसमें ठेकेदार के जरिए रायबरेली के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के कैथवल के मजदूर काम कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर काम के दौरान ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से कैथवल निवासी जितेन्द्र कुमार गौतम (25) झुलस गया। उसकी चीख सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य साथी दौड़े। उसे करंट से छुड़ाकर अस्पताल ले गए। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पिता आशाराम समेत कई लोग थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### राइस मिल से गिरा, ट्रॉली से कुचलने से मौत

**कुंडा।** राइस मिल से गिरे युवक की ट्रॉली से कुचलकर मौत हो गई। ट्रैक्टर ड्राइवर युवक का शव उसके घर के पास छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जेठवारा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी मुन्नालाल प्रजापति (28) एक व्यक्ति के ट्रैक्टर से चलने वाली राइस मिल पर मजदूरी करता था। वह गुरुवार अपराह्न मानधाता इलाके में धान की कुटाई करने जा रहा था। मुन्नालाल राइस मिल पर बैठा था। मानधाता के सीधापुर मोड़ के पास वह अचानक राइस मिल से गिर गया। जिस ट्रॉली पर राइस मिल रखी थी, वह उसके ऊपर चढ़ गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद ट्रैक्टर चालक शव उसके घर के पास छोड़कर भाग निकला। घर के पास मुन्नालाल का शव मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मानधाता पुलिस ने ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार के उसके शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### ग्रामीणों ने सीएमओ ऑफिस का किया घेराव

**प्रतापगढ़।** अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के चलते ग्रामीणों का इलाज समुचित इलाज नही मिल पा रहा हैं। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। कहीं डॉक्टर नहीं हैं, तो कहीं दवाओं का टोटा है। जनपद के लक्ष्मणपुर विकास खण्ड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजराही में कोई सुविधा नहीं है। इससे नाराज ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का घेराव कर दिया । ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी अस्पताल बेमकसद बनकर रह गए हैं। अस्पतालों में असुविधाओ के चलते अस्पताल में मरीजो का समुचित इलाज नही हो पाता है। इसके साथ ही अस्पतालों में दवाओं की कमी बनी है। गांव की आबादी दस हजार से ज्यादा है। अस्पताल में सुविधा न होने पर ग्रामीण झोलाछाप से इलाज करा रहे है। । इसके चलते ग्रामीणों को बीमार होने पर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। कई बार समय से इलाज न मिलने से अप्रिय घटनाएं हो जाती हैं। सीएमओ ऑफिस के घेराव के दौरान कई ग्राम सभाओं के प्रधान भी मौजूद रहे। ग्रामीण प्रशांत मिश्र ने कहा कि अस्तपाल मे रैबीज इंजेक्शन, एम्बुलेंस जैसे मूलभूत सुविधाएं नही है। जिससे लोगो को जिला असपताल लेकर जाना पड़ता है। जिसकी शिकायत कई बार सीएमओ से की गई लेकिन कोई भी नर्स की तैनाती नही हुई।



कथा कहते पं0 कृष्णानंद शास्त्री जी महराज।

### राम कथा कथा जीवन जीने का मूल है : पंवकृष्णानंद शास्त्री जी

**कुंडा।** बाघराय के नगर बारो मैं श्री राम कथा अमृत वर्षा कथा व्यास कृष्णानंद शास्त्री ज्योतिषाचार्य जी महाराज ने कहा कि जीवन के अच्छे दिन कब निकल जाते हैं पता नहीं चलता पता नहीं चलता वो दिन अच्छे होते हैं जो भगवान के साथ और भगवान के चरणों में व्यतीत हो संसार में रहकर कितने ही दिन व्यतीत कर लो राम कथा जीवन का आनंद है जीवन का फल है जिन्हें मानव जीवन मिल गया हो उन्हें भगवान से और भगवान की कथा से बहुत कुछ मिलता है रामकथा पर जुड़े रहना चाहिए और इसी में जीवन की सफलता है रामकथा की शुरूआत राम आरती के साथ की गई महाराज श्री ने प्रभु के रसमय स्वरूप और श्री राम जी की लीलाओ का वर्णन भक्तों को श्रवण कराया 11 दिवसीय रामकथा के पंचम दिवस पर श्री राम जी का बड़े धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

### अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश, कार्यों को गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किये जाने का निर्देश

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में महॉत्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मिड-डे-मील, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, समेकित बाल विकास योजना, कौशल विकास योजना, डिजिटल इंडिया योजना, टेलीकॉम, रेलवेज, हाइवेज, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओ के सम्बन्ध में पिछली बैठक के परिपालन आख्या की समीक्षा की गयी, तथा एजेण्डा विन्दुओं के तहत कार्यों की प्रगति समीक्षा भी की गयी। बैठक में अधिशाषी अभियंता पीएमजीएसवाई, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी के अनुपस्थित रहने पर अध्यक्ष महोदय ने तीनों अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।







बैठक में उपस्थित सांसद जिलाधिकारी और विधायक गण

जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों के द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुक्रम में कराये गये कार्यों का प्रत्येक तहसीलवार संबंधित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित कर कार्यो को सत्यापित कराये जाने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा करते हुए समिति के द्वारा पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराने एवं अपात्र व्यक्तियों का सूची से नाम हटाने तथा 2022 तक प्रत्येक गरीब पात्र व्यक्ति को पक्की छत मुहैया कराये जाने के लिए कहा गया। साथ ही साथ आवास प्राप्त लाभार्थियों की सूची को सार्वजनिक स्थान पर चस्पा कराये जाने के लिए कहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए समिति के द्वारा जिला ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को समूह से जोड़कर उनकी ट्रेनिंग कराकर उनको स्वालम्बित बनाये जाने के लिए कहा गया। जनपद में कितने समूह क्रियाशील हैं और कितने समूह क्रियाशील नहीं है उनकी सूची उपलब्ध कराये जाने तथा क्रियाशील समूहों के द्वारा क्या कार्य किया जा रहा है उसकी भी सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा गया। विद्युतीकरण के कार्यो की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि अभी भी जो मजरे या गांव विद्युतीकरण न हो पायें हो उसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारीगण लगकर विद्युतीकरण का कार्य करा लें। सांसद ने कहा कि अभियान चलाकर बचे हुए मजरों एवं गावों का विद्युतीकरण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करा लिया जाये। उन्होने यह भी कहा कि निर्धारित समय के बाद यदि कोई भी मजरा या गांव विद्युतीकरण से वंचित रह जाता है तो उसके लिए विद्युत विभाग पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की समीक्षा करते हुए समिति के द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त कराये जाने का निर्देश दिया है। पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि 2024 तक प्रत्येक गांव में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल की सुविधा मुहैया कराये जाने का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा रखा गया है। सांसद एवं समिति के सदस्यों के द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जो भी पानी की टंकी किसी कारण से बन्द है या अपनी पूरी क्षमता के अनुसार संचालित नहीं हो पा रही हैं उसको संचालित करने हेतु कार्य योजना बनायें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा करते हुए समिति के सदस्यों के द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कैम्प लगाकर क्षय रोगियों को चिन्हित करने तथा उनका इलाज किये जाने के लिए कहा है। जननी सुरक्षा, टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। ट्रामा सेंटर के हो रहे निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने एवं निर्माण कार्य को शीघ्रतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के तहत पात्र लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने तथा उसके अलावा मानक में न आने वाले परन्तु पात्र व्यक्तियों का मुख्यमंत्री गोल्डेन कार्ड योजना से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा। डिजिटल इंडिया के कार्यो की समीक्षा के दौरान सांसद ने डिजिटल फाइबर केबल के माध्यम से हर गांव में इंटरनेट कनेक्शन पहुंचाये जाने एवं उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अन्त में जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने अध्यक्ष एवं विधायकगणों तथा अन्य जन प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि उनके द्वारा जो भी दिशा निर्देश एवं सुझाव दिये गये है उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंनें समिति को यह भी आश्वस्त किया कि कार्यो को पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा किया जायेगा। बैठक में विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, ब्लॉक प्रमुखगण, क्षेत्र पंचायत के सदस्यगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ-साथ सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुफ्त का पान खाने वाले दरोगा से परेशान दुकानदार

**कौशांबी।** पुलिस वर्दी को कलंकित कर छोटी छोटी रकम में अपना रूआब समझने वाले एक उपनिरीक्षक की चर्चा इन दिनों चौराहे पर तेजी से हो रही है कभी मंझनपुर कोतवाली में रहे इस उपनिरीक्षक का कारनामा यह है कि मंझनपुर चौराहे की पान की दुकान से प्रतिदिन पान खाने के बाद वह चल देते हैं पान का यह दुकानदार अकेला उपनिरीक्षक से परेशान नहीं है अन्य छोटे-छोटे रोजगार करके जीविकोपार्जन करने वाले लोग भी उपनिरीक्षक के मुफ्तखोरी से परेशान हैं जब दुकानदार द्वारा उपनिरीक्षक से पान की कीमत मांगी जाती है तो उप निरीक्षक द्वारा दुकानदार को गाली गलौज से नवाजा जाता है फ्री का पान खाने के आदी हो चुके दरोगा चौराहे की एक दुकान से प्रतिदिन 50 रुपए का पान खा जाते हैं दुकानदार का कहना है कि जब पान खाने का पैसा मांगा जाता है तो गाली गलौज के बाद फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है आखिर गरीब दुकान से पान खाकर पैसा ना देने वाले उक्त दरोगा का रुतबा क्या मुक्त खाने में ही पुलिस की वर्दी का वजूद होगा चौराहे के लोगों ने मुफ्त में सामान खाने वाले उक्त दरोगा के कारनामों की ओर पुलिस आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### फिर से भैंस चोर हुए सक्रिय

**करारी कौशम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के तय्यबपुर मंगौरा में बीती रात चोरों ने बिन्देश्वरी प्रसाद दिवाकर के घर से भैंस चोरी कर ले गए जिसकी शिकायत करारी थाने में कर दी गई है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। बिन्देश्वरी प्रसाद दिवाकर मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का पालन पोषण करता है।चोरों ने लगभग 50 हजार की कीमत की भैंस चोरी कर ले गए है।जिसकी शिकायत करारी थाना में कर दी गई है पुलिस ने बिन्देश्वरी प्रसाद दिवाकर को आश्वासन देते हुए कहा है कि आपकी भैंस की खोजबीन की जाएगी।

## कोविड–19 जागरूकता के लिए आयोजित की गयी संगोष्ठी व प्रतियोगिताएं

**कौशाम्बी।** कोविड-19 के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो प्रयागराज द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर को कौशाम्बी के सांसद विनोद कुमार सोनकर द्वारा अपने आवास से अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया कोरोना जागरूकता दस दिवसीय प्रचार अभियान इन दिनों कौशाम्बी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज तथा राजकीय महामाया डिग्री कालेज ओसा में स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दस विजयेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्रधानाचार्य सी0एल0 सरोज, भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 प्रयागराज के सहायक आयुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता और कौशाम्बी के श्यामबाबू तथा प्रधानाचार्य रामसुन्दर सिंह के अतिरिक्त अध्यापिका सुधा गौड, अभय सिंह, नीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में रोवर रेंजर तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। रामसुन्दर सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है और जरा सी भी लापरवाही बरतने पर इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। सीएल सरोज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए विशेष रूप से तीन बातों का अत्यधिक ध्यान रखे जाने की आवश्यकता है इनमें दो गज की दूरी मास्क जरूरी और अपने हाथों को साबुन से धोकर या सेनीटाइजर का प्रयोग किया जाना आवश्यक है। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर कोरोना संक्रमण से जारी जंग को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में युवा पीढ़ी और विशेष रूप स्काउट एवं रोवर रेंजर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि उनके द्वारा समाजसेवा के अंतर्गत ऐसे अभियानों में लगातार सहभागिता बनी रहती है। जिससे उनके द्वारा जनमानस में दिये गये संदेश जनता के लिए काफी लाभप्रद साबित हो सकते हैं।



उपस्थित लोगों को कोविड–19 के बारे में जागरूक करते क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो कार्यालय के लोग

इस अवसर पर विभाग के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी ने कहा कि दस दिवसीय प्रचार अभियान के दौरान के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सचल प्रदर्शनी, माइकिंग, बैनर, पोस्टर्स, स्टीकर, हैण्डबिल्स, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगितायों के माध्यम से जनमनस को कोरोना के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि वे इस भयानक बीमारी से अपना बचाव स्वयं ही कर सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो के राममूरत विश्वकर्मा ने लोगों से स्वच्छता बनाये रखने और भीडभाड़ वाले आयोजनों में दो गज दूरी बनाये रखने तथा मास्क का प्रयोग किये जाने का अनुरोध करते हुए उपस्थित लोगों में मास्क का वितरण भी किया गया। अभियान के दौरान जादूगर योगेन्द्र कुमार एण्ड पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर जादू के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में कोविड-19 के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

स्लोगन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में धर्मेन्द्र कुमार, शिवम, नसरीन बानो, स्वेच्छा सिंह, रीतिका पाण्डेय, अल्का वर्मा, पुष्पा, उमेश, संध्या व नवीद को पुरस्कृत किया गया। विभाग द्वारा श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज को ब्यूरो की ओर से स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।उक्त जानकारी आरिफ हुसैन रिजवी उप निदेशक ने दी है।

## समाजसेवी द्वारा जरुरतमन्दों को वितरित किया गया कम्बल

सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़। राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्र के छोटे भाई प्रधान प्रत्याशी विद्युत मिश्रा (एडवोकेट) द्वारा कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए ग्रामसभा पूरेरूप के अंतर्गत आने वाले गांव रीघी, ज्ञानीपुर, कृतपुर, पूरेछोटकू, पूरेरूप में रह रहे वरिष्ठ गरीब असहाय और वृद्ध लोगों को कम्बल का वितरण किया गया और आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि जब तक ठंड रहेगी तब तक यह कार्य चलता रहेगा जिससे वे अपने आप को इस कड़ाके की ठण्ड से बचा सके। कम्बल प्राप्त करने वालो में बदरुल निसा,प्रभावती वर्मा,फोटो देवी, रेखा वर्मा, द्रोपदी देवी, छमक्का , चंदी वर्मा, बडेलाल, श्यामलाल, जेठू प्रजापति, छेदीलाल, आशा गौतम, उमेश गौतम, परमानन्द, फूलचन्द, हरिश्चंद्र,अंकित वर्मा, जयसिंह वर्मा, नत्थू यादव,मुलायम सिंह यादव और बहुत सारी महिलाओं सहित वरिष्ठ नागरिकों को कम्बल वितरण किया गया ।इस कार्य को देखकर ग्रामसभा के लोगो में काफी प्रसन्नता देखने को मिल रही है और लोगो ने कहा ग्रामसभा में ऐसे ही प्रधान सेवक की जरूरत है जो एक दूसरे का सुख और दुःख दर्द समझ सके और उस पर अमल कर सके।



जरुरतमन्दों को वितरित करते कम्बल

## कायस्थ पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**प्रतापगढ़।** कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्वी उत्तर प्रदेश केके श्रीवास्तव की धर्म पत्नी शैल तनया श्रीवास्तव को सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश श्री स्वंतंत्र देव सिंह तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रान्त महेश चंद्र श्रीवास्तव अपनी क्षेत्रीय कार्यकारिणी के साथ प्रयागराज मेंहदौरी निवास पर आए इस दौरान महासभा के क्षेत्रीय कार्यकारिणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वंतत्र देव सिंह ने कार्यकारिणी के जुझारू सक्रिय प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ संतोष श्रीवास्तव (अखिल भारतीय कायस्थ महासभा) के द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए माल्यार्पण किया। इस दौरान महासभा के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से विवेक श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त महासभा की अन्य महिला पदाधिकारी कल्पना श्रीवास्तव, प्रेमा श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



भाजपा में कायस्थ पदाधिकारियों ने ली सदस्यता।

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के चन्द्रशेखर तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष व महामंत्री बने बाबा नरेंद्र ओझा

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय व प्रांतीय समिति के अनुमोदन पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष अजय पांडेय ने शुक्रवार को जिला कार्यसमिति की घोषणा की जिसमें चन्द्रशेखर तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष व बाबा नरेंद्र ओझा को जिला महामंत्री घोषित किया गया । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर डा. आशीष सिंह, अमित मिश्रा, उपाध्यक्ष पद पर रामप्रताप पान्डेय, सुरेन्द्र तिवारी सागर, बसंत श्रीवास्तव, रणजीत सिंह, पन्ना लाल गुप्ता, संगठन मंत्री पद पर अजय कुमार मिश्र, संजय कुमार शुक्ल, संयुक्त मंत्री पद पर राजीव तिवारी, संदीप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर अशोक तिवारी, मीडिया प्रभारी पद पर राजेश पाठक आदि रहे।